न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **रामरतन बनाम कैलाश वगैरा** **प्रकरण संख्या – 74/2016** **प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
14.12.2018	अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा निवेदन किया गया की प्रकरण में पत्रावली तहसीलदार बसवा की टिप्पणी हेतु पेशी तारीख आज नियत है। किन्तु तत्कालीन पीठासीन अधिकारी तहसीलदार बसवा का स्थानान्तरण हो चुका हैं। इसलिए विचाराधीन प्रार्थना पत्र को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य नही हैं। अतः प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण खारिज फरमाया जावे। पत्रावली का अवलोकन किया गया। अधिवक्ता प्रार्थीगण द्वारा व्यक्त किया गया है कि तत्कालीन पीठासीन तहसीलदार बसवा का स्थानान्तरण हो चुका है। इसलिए प्रार्थना पत्र को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य नही है। अतः ग्राम धपावन खुर्द तहसील बसवा में स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 281, 284, 285, 287, 290, 291, 293, 295, 296 कुल किता 9 रकबा 11.78 है0 के अप्रार्थी नम्बर 01 व 02 के नाम दर्ज 2/16 हिस्से का विक्रय पत्र के आधार पर नामान्तरकरण अप्रार्थी नम्बर 03 के नाम तस्दीक की जा रही कार्यवाही को अन्य सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरित किये जाने हेतु प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार बसवा को भिजवायी जावे। प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। निर्णय आज दिनांक 14.12.2018 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। अति0 जिला कलेक्टर दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official